# राष्ट्रीय शीतकालीन स्कीइंग खेल प्रतियोगिता औली में शुरू

## चर्चा में क्यों?

7 फरवरी, 2022 को उत्तराखंड के मुख्य सचिव एसएस संधू ने चमोली ज़िले के जोशीमठ में स्थित प्रसिद्ध हिमक्रीड़ा स्थली औली में तीनदिवसीय राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों (राष्ट्रीय स्कीइंग चैंपियनशिप) का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता 9 फरवरी तक चलेगी।

## प्रमुख बिंदु

- पर्यटन विभाग, गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन), ज़िला प्रशासन, आईटीबीपी, स्कीइंग एंड स्नो बोर्ड एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सहयोग से आयोजित की जा रही इस खेल प्रतियोगिता में उत्तराखंड, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर समेत 17 राज्यों के 250 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।
- पहले दिन उत्तराखंड, सेना, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर ने गोल्ड मेडल जीते। पहले दिन पुरुष और महिला वर्ग की चार प्रतियोगिताएँ हुई, जिनमें उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और बिहार के खिलाड़ी शामिल थे।
- प्रतियोगिता के शुभारंभ पर अल्पाइन स्कीइंग के तहत जायंट सलालम प्रतियोगिता हुई। जायंट सलालम रेस के पुरुष वर्ग में कुल 55 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें सेना ने तीनों पदक अपने नाम किये।
- दूसरी प्रतियोगिता अल्पाइन स्कीइंग महिला वर्ग की जायंट सलालम में हिमाचल की टीम का दबदबा रहा। इसमें तीनों मेडल हिमाचल के खिलाड़ियों ने जीते।
- अल्पाइन जायंट सलालम अंडर 21 महिला वर्ग की रेस में उत्तराखंड ने स्वर्ण, जम्मू-कश्मीर ने रजत और दिल्ली ने कांस्य पदक जीता। वहीं पुरुष अंडर 21 वर्ग में जम्मू-कश्मीर ने स्वर्ण, बिहार ने रजत और हिमाचल प्रदेश ने कांस्य पदक अपने नाम किया।
- अल्पाइन स्कीइंग के तहत सलालम और जायंट सलालम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इनमें सीनियर वर्ग में महिला-पुरुष, जूनियर अंडर 21 आयु वर्ग, जूनियर अंडर 18 आयु वर्ग, सब जूनियर अंडर 16 आयु वर्ग और सब जूनियर अंडर 14 आयु वर्ग के बीच प्रतियोगिता कराई जा रही है।
- स्नोबोर्ड के तहत सीनियर वर्ग की महिला-पुरुष की सलालम और जायंट सलालम प्रतियोगिता होंगी, जबकि अंडर 19 आयु वर्ग और 17 आयु वर्ग के बीच भी मुकाबले होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-winter-skiing-sports-competition-begins-in-auli